पंजीयन क्र. 50309/85 के अन्तर्गत भारत सरकार के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार द्वारा पंजीकृत। डाक पंजीयन क्र. म.प्र./261/ भोपाल/2006-08

बच्चों के बारे में

बच्चों के बारे में
बनाई गईं ढेर सारी योजनाएँ
ढेर सारी कविताएँ
लिखी गईं बच्चों के बारे में

बच्चों के लिए
खोले गए ढेर सारे स्कूल
ढेर सारी किताबें
बाँटी गई बच्चों के लिए

बच्चे बड़े हुए
जहाँ थे
वहाँ से उठ खड़े हुए बच्चे

बच्चों में से कुछ बच्चे
हुए बनिया हाकिम
और दलाल
हुए मालामाल और खुशहाल

बाकी बच्चों ने सड़क पर कंकड़ कूटा
दुकानों में प्यालियाँ धोईं
साफ किया टट्टीघर
खाए तमाचे
बाज़ार में बिके कौड़ियों के मोल
गटर में गिर पड़े

बच्चों में से कुछ बच्चों ने
आगे चलकर
फिर बनाईं योजनाएँ
बच्चों के बारे में
कविताएँ लिखीं
स्कूल खोले
किताबें बाँटीं
बच्चों के लिए

गोरख पाण्डेय



फोटोः सर्वेश

स्वामी रैक्स डी रोज़ारियो प्रकाशक, मुद्रक सी. एन. सुब्रह्मण्यम की ओर से निदेशक, एकलव्य फाउण्डेशन द्वारा एकलव्य, ई-10 शंकर नगर, 61/2 बस स्टॉप के पास, भोपाल-462016, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा आर. के. सिक्युप्रिन्ट प्रा. लि. प्लॉट नम्बर 15-बी, गोविन्दपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल - 462021 (फोनः 0755 - 2687589) से मुद्रित। सम्पादकः सुशील शुक्ल।